# ***BUDGET SPEECH BY HON. FIN. MINISTER ARUN JETLI***

11:03 AM

वित्त मंत्री अरुण जेटली ने शुरू किया आम बजट का भाषण।

11:05 AM

हमने कई मौलिक सुधार किए हैं, जिसके चलते अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ है- अरुण जेटली।

11:07 AM

जीएसटी लागू होने के बाद से अप्रत्यक्ष कर की व्यवस्था दुरुस्त हुई है। नोटबंदी के चलते कैश करंसी का सर्कुलेशन कम हुआ है- अरुण जेटली

11:07 AM

जीएसटी लागू होने के बाद से अप्रत्यक्ष कर की व्यवस्था दुरुस्त हुई है। नोटबंदी के चलते कैश करंसी का सर्कुलेशन कम हुआ है- अरुण जेटली

11:07 AM

जीएसटी लागू होने के बाद से अप्रत्यक्ष कर की व्यवस्था दुरुस्त हुई है। नोटबंदी के चलते कैश करंसी का सर्कुलेशन कम हुआ है- अरुण जेटली

11:09 AM

हमारी सरकार ने न्यूनतम शासन और अधिकतम सुशासन की अवधारणा पर बल दिया है- अरुण जेटली।

11:09 AM

हमारी सरकार विशेषतौर पर गरीब और मिडल क्लास के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए काम कर रही है- अरुण जेटली।

11:10 AM

3,000 से ज्यादा जनऔषधि केंद्रों से सस्ती दवाएं मिल रही हैं। उज्ज्वला योजना से गरीबों को मिल रहे एलपीजी सिलिंडर।

11:12 AM

जेटली बोले, हमारी इकॉनमी 8 पर्सेंट की ग्रोथ की ओर बढ़ रही है। 2018-19 के दूसरे हाफ में इकॉनमी की

11:12 AM

जेटली बोले, हमारी इकॉनमी 8 पर्सेंट की ग्रोथ की ओर बढ़ रही है। 2018-19 के दूसरे हाफ में इकॉनमी की ग्रोथ 7.2 से 7.5 पर्सेंट तक रहेगी।

11:14 AM

हमारे दल के घोषणा पत्र में यह संकल्प है कि कृषि को लाभकारी बनाने के लिए किसानों को उनकी लागत से कम से कम डेढ़ गुना लाभ मिले। हम इसके प्रति संवेदनशील हैं- बजट भाषण पढ़ते हुए अरुण जेटली

11:15 AM

राज्य सरकारों के साथ मिलकर शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए संसाधनों के विकास के लिए काम करेंगे।- वित्त मंत्री अरुण जेटली

11:16 AM

किसी उत्पाद की कीमत एमएसपी से कम होने पर यह जरूरी है कि सरकार उनकी फसल को खरीदे। सरकार इसके लिए व्यवस्था करेगी।- बजट भाषण पढ़ते हुए वित्त मंत्री अरुण जेटली

11:17 AM

हमारे 86 फीसदी से अधिक किसान लघु एवं सीमांत किसान हैं। उनके लिए ग्रामीण कृषि बाजारों का विकास किया जाएगा।- वित्त मंत्री अरुण जेटली

11:18 AM

गांवों में 22 हजार हाटों को कृषि बाजार में तब्दील किया जाएगा।- वित्त मंत्री अरुण जेटली

11:18 AM

सर्विस सेक्टर में 8 पर्सेंट से अधिक की ग्रोथ होगी।- अरुण जेटली

11:19 AM

बजट में खेती और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर जोर होगा।- अरुण जेटली

11:21 AM

देश में कृषि उत्पादन रेकॉर्ड स्तर पर है। 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करेंगे।- वित्त मंत्री

470 मंडियां ई-मंडी से जोड़ी गईं

11:22 AM

मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को 1.5 गुना किया गया है।- अरुण जेटली

11:22 AM

आलू-प्याज के लिए ऑपरेशन ग्रीन लॉन्च किया जाएगा।- अरुण जेटली

11:23 AM

मछुआरों और पशुपालकों को भी किसानों की तर्ज पर दिए जाएंगे क्रेडिट कार्ड।- अरुण जेटली

11:23 AM

1200 करोड़ रुपये की राशि के साथ राष्ट्रीय बांस मिशन की शुरुआत की जाएगी।- अरुण जेटली

11:24 AM

कृषि बाजार के विकास के लिए 2,000 करोड़ रुपये की राशि का आवंटन किया जाएगा।- वित्त मंत्री

11:26 AM

दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को खत्म करने के लिए विशेष योजना लॉन्च की जाएगी। इसमें हरियाणा, पंजाब और यूपी की सरकारों का भी सहयोग लिया जाएगा।- अरुण जेटली

11:28 AM

उज्ज्वला योजना के तहत 5 करोड़ का लक्ष्य था। अब इसका लक्ष्य 8 करोड़ गरीब महिलाओं को मुफ्त कनेक्शन देना है।- अरुण जेटली।

11:27 AM

कृषि क्रेडिट के लिए 11 लाख करोड़ रुपये का आवंटन होगा।- वित्त मंत्री

11:29 AM

2018-19 में हमारा लक्ष्य 2 करोड़ शौचालय बनाना है।- वित्त मंत्री

11:28 AM

प्रधानमंत्री सौभाग्य योजना की शुरुआत। 16,000 करोड़ रुपये की लागत से 4 करोड़ परिवारों तक पहुंचाई जाएगी बिजली।- अरुण जेटली

11:29 AM

स्वच्छ भारत मिशन के तहत 6 करोड़ शौचालय बन चुके हैं।- अरुण जेटली

11:30 AM

2022 तक हर गरीब को घर देने का लक्ष्य है। शहरी क्षेत्रों में 37 लाख मकान बनाने को मंजूरी दी गई है।- अरुण

11:31 AM
कृषि उत्पादों के निर्यात को 100 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य। वित्त मंत्री

11:31 AM
खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के लिए आवंटन राशि को दोगुना किया गया।- अरुण जेटली
जेटली

11:32 AM
फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर के लिए 1400 करोड़ रुपये का आवंटन किया जाएगा।- अरुण जेटली

11:33 AM
गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए 14.34 लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे।

11:34 AM
इस साल 1.75 करोड़ घरों को तक पहुंचाएंगे बिजली।- अरुण जेटली

11:36 AM
ऑपरेशन ग्रीन के लिए 500 करोड़ रुपये की राशि का आवंटन।- अरुण जेटली

11:37 AM
वड़ोदरा में विशिष्ट रेलवे यूनिवर्सिटी की होगी स्थापना।- अरुण जेटली

11:38 AM
शिक्षकों के लिए एकीकृत बी.एड कोर्स की होगी शुरुआत।- अरुण जेटली

11:38 AM
आयुष्मान भारत प्रोग्राम के तहत दो स्वास्थ्य योजनाओं का ऐलान।

11:39 AM
हर साल 1 हजार बी.टेक स्टूडेंट्स को मिलेगी छात्रवृत्ति।- अरुण जेटली

11:40 AM
हेल्थ वेलनेस सेंटर के लिए 1,200 करोड़ रुपये जारी होंगे।- अरुण जेटली

11:40 AM
स्वास्थ्य के लिए 1.5 लाख आरोग्य सेंटर स्थापित किए जाएंगे।- अरुण जेटली

11:41 AM
10 करोड़ परिवारों को 5 लाख रुपये प्रति साल इलाज के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मिलेंगे। अभी मिलते थे सिर्फ 30,000 रुपये।- अरुण जेटली

11:42 AM
देश की लगभग 40 फीसदी आबादी को मिल सकेगा स्वास्थ्य बीमा।- अरुण जेटली

11:43 AM
देश भर में 24 नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों की स्थापना होगी।- वित्त मंत्री

11:43 AM
हर तीन संसदीय क्षेत्र के बीच में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का लक्ष्य।- अरुण जेटली

Thu, 1 Feb 2018 11:47:39 (IST)शिक्षा में सुधार के लिए अगले 4 साल में 1 लाख करोड़ रुपये होंगे खर्च।- जेटली

Thu, 1 Feb 2018 11:47:34 (IST)गंगा सफाई के लिए 187 योजनाओं को दी गई मंजूरी।- अरुण जेटली

Thu, 1 Feb 2018 11:47:25 (IST)5.22 करोड़ परिवार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से हुए लाभान्वित।- अरुण जेटली

Thu, 1 Feb 2018 11:48:17 (IST)50 फीसदी से अधिक आदिवासी वाले ब्लॉकों में नवोदय की तर्ज पर बनेंगे एकलव्य आवासीय विद्यालय।- अरुण जेटली

Thu, 1 Feb 2018 11:49:35 (IST)टीबी के मरीजों के पोषण के लिए 6,000 करोड़ रुपये की राशि का आवंटन।- अरुण जेटली।

11:52 AM

स्वच्छ भारत मिशन के तहत गरीब परिवारों के लिए 2 करोड़ नए शौचालय बनाने का लक्ष्य।

11:54 AM

**महिला कर्मियों के लिए पीएफ कटौती 8 पर्सेंट होगी। हाथ में आएगी ज्यादा सैलरी।- अरुण जेटली**

11:56 AM

अनुसूचित जातियों के विकास के लिए 56,619 करोड़ रुपये और जनजातियों के विकास के लिए 39,135 करोड़ रुपये का आवंटन।- जेटली

11:56 AM

मुद्रा योजना से 10.38 करोड़ लोगों को होगा फायदा।- अरुण जेटली

11:57 AM

स्मार्ट सिटीज के विकास के लिए 2 लाख करोड़ रुपये से काम हो रहा है।- अरुण जेटली

11:59 AM

50 लाख युवाओं को नौकरी के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।- अरुण जेटली

12:00 PM

100 स्मारकों को आदर्श बनाया जाएगा।- अरुण जेटली

12:00 PM

अरुणाचल प्रदेश में सेरा पास टनल को बनाने का प्रस्ताव। सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण।- जेटली

12:01 PM

रेलवे के लिए 1 लाख 48 हजार करोड़ रुपये का आवंटन।- अरुण जेटली

12:01 PM

पटरी, गेज बदलने के लिए खर्च किया जाएगा रेलवे को जारी किए गए फंड का बड़ा हिस्सा।- अरुण जेटली

12:02 PM

पूरे भारतीय रेल नेटवर्क को ब्रॉडगेज में तब्दील किया जाएगा।- अरुण जेटली

12:02 PM

इस साल 700 नए रेल इंजन तैयार किए जाएंगे।- अरुण जेटली

12:03 PM

3600 किमी रेल पटरियों को होगा नवीनीकरण।- अरुण जेटली

12:03 PM

3600 किमी रेल पटरियों को होगा नवीनीकरण।- अरुण जेटली

12:04 PM

मुंबई में 90 किलोमीटर रेल पटरी का विस्तार होगा।- अरुण जेटली

12:05 PM

AMRUT प्रोग्राम के तहत 500 शहरों में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। 19,428 करोड़ रुपये होंगे खर्च।- अरुण जेटली

12:05 PM

हवाई यात्रा को सरल और सुगम बनाने के लिए एयरपोर्ट्स की संख्या को 5 गुना किया जाएगा।- अरुण जेटली

12:07 PM

25,000 से ज्यादा फुटफॉल वाले स्टेशनों में स्केलेटर्स लगेंगे। सभी रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों को वाई-फाई और सीसीटीवी से लैस करने की तैयारी।- अरुण जेटली

12:09 PM

12,000 वैगन्स, 5,160 कोच और 700 लोकोमोटिव्स बनाएगा रेलवे।- अरुण जेटली

12:09 PM

70 लाख नए रोजगार देने का सरकार का लक्ष्य।- अरुण जेटली

12:19 PM

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और राज्यपाल के वेतन में होगा इजाफा।- अरुण जेटली

12:16 PM
उड़ान स्कीम से देश के अनारक्षित एयरपोर्ट्स और 31 अनारक्षित रेल पट्टियों को जोड़ा जाएगा।- वित्त मंत्री

12:18 PM
टेक्सटाइल सेक्टर के लिए 7,148 करोड़ रुपये का आवंटन।- अरुण जेटली

12:18 PM
गोल्ड के लिए जल्दी ही होगा नई नीति का ऐलान। इससे सोने को लाने और ले जाने में होगी आसानी।- अरुण जेटली

12:22 PM
सांसदों के वेतन और भत्ते के लिए लागू होगा 5 साल का सिस्टम। 1 अप्रैल, 2018 से शुरू होगी यह व्यवस्था।- अरुण जेटली

कृषि उत्पाद तैयार करने वाली 100 करोड़ रुपये तक के टर्नओवर वाली कंपनियों को टैक्स में 100 पर्सेंट की रियायत।- अरुण जेटली
99 पर्सेंट लघु एवं सीमांत उद्योगों को 25 पर्सेंट टैक्स ही देना होगा।- अरुण जेटली

**उद्योग जगत को बड़ी राहत। 250 करोड़ तक के टर्नओवर वाली कंपनियों पर लगेगा 25 पर्सेंट कॉर्पोरेट टैक्स।**

इनकम टैक्स में स्टैंडर्ड डिडक्शन के तहत मिलेगी 40,000 रुपये की छूट।- अरुण जेटली

डिपॉजिट पर मिलने वाली छूट 10,000 रुपये से बढ़कर 50,000 रुपये हुई।- अरुण जेटली

वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा पर टैक्स की छूट बढ़कर 50,000 रुपये हुई।- अरुण जेटली

**शिक्षा और स्वास्थ्य पर सेस की दर 1 फीसदी बढ़ेगी यानी अब 3 की बजाय देना होगा 4 फीसदी टैक्स। - अरुण जेटली**

Thu, 1 Feb 2018 12:50:28 (IST)म्युचूअल फंड्स से कमाई पर 10 फीसदी टैक्स लगेगा।- अरुण जेटली

टीवी के कुछ पुर्जों पर कस्टम ड्यूटी को बढ़ाकर किया गया 15 पर्सेंट।

1 लाख रुपये से अधिक के लॉन्ग टर्म कैपिटन गेन्स पर देना होगा 10 पर्सेंट का टैक्स।- अरुण जेटली

मोबाइल फोन्स पर कस्टम ड्यूटी को 15 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का प्रस्ताव।- अरुण जेटली

शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स पर लगता है 15 पर्सेंट टैक्स और लॉन्ग टर्म पर होगा 10 पर्सेंट टैक्स।- अरुण जेटली

12:58 PM
सैलरीड क्लास को स्टैंडर्ड डिडक्शन की सुविधा देने से राजस्व में आएगी 8,000 करोड़ रुपये की कमी।

12:58 PM
4 लाख रुपये तक कमाने वालों को स्टैंडर्ड डिडक्शन से होगा करीब 2,100 रुपये का फायदा।

बुजुर्गों को बैंक में जमा राशि पर मिलने वाले ब्याज पर टैक्स छूट की सीमा 50,000 रुपये होगी।- अरुण जेटली

01:03 PM
सैलरीड क्लास को मेडिकल और ट्रांसपोर्ट रीइंबर्समेंट के तहत 40,000 रुपये का स्टैंडर्ड डिडक्शन मिलेगा।